फर्द अहकाम

(नियम–26)

अदालत उपखण्ड अधिकारी बस्सी (जिला जयपुर)

मन्नी बनाम् सरकार

प्रार्थना पत्र धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

प्रकरण संख्या – 51/2025 **जी.सी.एम.एस. संख्या – 2025/177**

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुये
02.05.2025	प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के तहत स्वयं प्रार्थीया ने उपस्थित होकर पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार तूंगा को तहरीर जारी कर वादग्रस्त आराजी खसरा नम्बर 66 रकबा 7.6882 है0 व खसरा नम्बर 67 रकबा 0.0253 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 7.7135 हैक्टेयर वाके ग्राम चैनपुरा उर्फ खैमराजकाबास प.ह. दनाउकला तहसील तूंगा जिला जयपुर के सम्बन्ध में प्रकरण की वर्तमान वस्तुस्थिति/तथ्यात्मक जॉच रिपोर्ट चाही गई। तहसीलदार तूंगा के पत्रांक भू0अ0/2025/1779 दिनांक 01.05.2025 द्वारा रिपोर्ट प्रेषित कर अवगत करवाया गया कि राजस्व ग्राम चैनपुरा उर्फ खैमराजकाबास के खसरा नम्बर 66 रकबा 7.6882 है0 व खसरा नम्बर 67 रकबा 0.0253 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 7.7135 हैक्टेयर की खातेदार पिंकी पुत्री लालाराम जाति मीना सा. देह दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है, जबकि अन्य दस्तावेजों में प्रियंका पुत्री लालराम जाति मीना दर्ज है। पिंकी पुत्री लालाराम तथा प्रियंका पुत्री लालाराम दोनों मूल रूप से एक ही महिला है, जिसका वास्तविक नाम प्रियंका पुत्री लालाराम जाति मीना है। पिंकी पुत्री लालाराम के पिता की विरासत का नामांतकरण दर्ज करते समय सहवन से प्रियंका का नाम पिंकी दर्ज हो गया, जो आदिनांक तक निरंतर चला आ रहा है। राजस्व रिकॉर्ड में खातेदार पिंकी पुत्री लालाराम जाति मीना सा.देह के स्थान पर प्रियंका पुत्री लालाराम जाति मीना सा.देह किया जाने की अभिशंषा की है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात राशन कार्ड, आधार कार्ड, ग्राम पंचायत विजयपुरा प्रमाण पत्र, जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 खाता संख्या 70, तहसीलदार रिपोर्ट इत्यादि का अवलोकन करने के पश्चात हम पाते है कि उक्त वादग्रस्त भूमि में दर्ज खातेदार पिंकी पुत्री लालाराम व प्रियंका पुत्री लालराम एक ही नाम की महिला है अर्थात खातेदार पिंकी पुत्री लालाराम के स्थान पर दस्तावेजानुसार सही नाम प्रियंका पुत्री लालराम होने से दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः खसरा नम्बर 66 रकबा 7.6882 है0 व खसरा नम्बर 67 रकबा 0.0253 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 7.7135 हैक्टेयर वाके ग्राम चैनपुरा उर्फ खैमराजकाबास प.ह. दनाउकला तहसील तूंगा जिला जयपुर की वर्तमान जमाबन्दी में दर्ज खातेदार पिंकी पुत्री लालाराम जाति मीना सा.देह के स्थान पर प्रियंका पुत्री लालाराम जाति मीना सा.देह दुरूस्त किया जाने का आदेश दिया जाता है। तदानुसार निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार तूंगा को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी बस्सी जिला जयपुर	